(15)

न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– यू0डी0 खान
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 78/2020

चिरंजीलाल पुत्र नत्थूराम जाति जांगिड, निवासी ग्राम बाय, तहसील नवलगढ, जिला झुंझुनूं।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) नवलगढ।

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम
के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 14.10.2020

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 24.09.2020 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 78/2020 पर दिनांक 24.09.2020 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) खेतडी के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) नवलगढ को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) खेतडी से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2020/1491–1492 दिनांक 24.09.2020 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) नवलगढ ने पत्रांक सू0अ0/2020/40 दिनांक 8.10.2020 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी को इस कार्यालय के पत्र कमांक 37 दिनांक 05.10.2020 द्वारा जरिये पंजीकृत पत्र संबंधित को भिजवाई जा चुकी है। अतः अपीलार्थी का प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारीज किये जाने की कृपा करे।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित। प्रार्थी ने सूचना नही मिलना जाहिर किया।
6. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) नवलगढ द्वारा पत्रांक सू0अ0/2020/40 दिनांक 8.10.2020 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी को इस कार्यालय के पत्र कमांक 37 दिनांक 05.10.2020 द्वारा जरिये पंजीकृत पत्र संबंधित को भिजवाई जा चुकी है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 14.10.2020 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(यू0डी0 खान)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलक्टर झुन्झुनूं
14/10/2020